# सिपेट: सेन्टर फॉर स्किलिंग एण्ड टेक्निकल सपोर्ट (सीएसटीएस)

**CIPET: CENTRE FOR SKILLING AND TECHNICAL SUPPORT (CSTS)**

(रसायन एवं पैट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
(Deptt. of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)
एस पी 1298,सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, – III, टोंक रोड, जयपुर – 302 022
दूरभाष : 0141–2770264 / 65 / 66, टेलीफैक्स: 0141–2770736
ई–मेल : jaipur@cipet.gov.in, cipetjaipur@gmail.com वेबसाइट : www.cipet.gov.in

## प्लास्टिक्स, लोहे के स्क्रेप, रद्दी एवं अन्य स्क्रेप की बिक्री हेतु निविदा दस्तावेज

**TENDER DOCUMENT FOR SALE OF PLASTICS, IRON SCRAP, RADDI AND OTHER SCRAP**

**TENDER NO: CIPET/CSTS/JAIPUR/2019-20/ SCRAP /06**

## स्थान : सिपेट: सीएसटीएस – जयपुर

## PLACE: CIPET: CSTS - JAIPUR

विज्ञापन जारी होने की तिथि: 05.06.2019

निविदा विक्रय करने की तिथि: 05.06.2019 से (सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक)

निविदा जमा करवाने की अंतिम तिथि: 01.07.2019 दोपहर 2:30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि: 01.07.2019 दोपहर 3.30 बजे

सिपेटः सेन्टर फॉर स्किलिंग एण्ड टेक्निकल सपोर्ट (सीएसटीएस)
**CIPET: CENTRE FOR SKILLING AND TECHNICAL SUPPORT (CSTS)**
(रसायन एवं पैट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
(Deptt. of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)
एस पी 1298,सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, – III, टोंक रोड, जयपुर – 302 022
दूरभाष : 0141–2770264 / 65 / 66, टेलीफैक्सः 0141–2770736
ई–मेल : jaipur@cipet.gov.in, cipetjaipur@gmail.com, वेबसाईट : www.cipet.gov.in

## प्लास्टिक्स एवं अन्य स्क्रेप की विक्रय हेतु आमंत्रित निविदा की विस्तृत जानकारी

परिचय : सिपेट जयपुर में निम्नानुसार उपलब्ध प्लास्टिक्स स्क्रेप, PP, ABS, PC, ACRYLIC, BRASS / MS एवं अन्य "जैसा है वैसा है" की स्थिति में विक्रय हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| विवरण | अनुमानित मात्रा | विभाग | धरोहर राशि | टेण्डर का मूल्य | टेण्डर प्राप्त करने की आखिरी तारीख | टेण्डर जमा करने की आखिरी तारीख | टेण्डर खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **MILD STEEL** | **1500 KG** | टूल रूम | Rs.50000/- | 590/- कर सहित | 01.07.2019 (2.00 PM) | 01.07.2019 (2.30 PM) | 01.07.2019 (3.30 PM) |
| **BRASS WIRE** | **50 KG** | | | | | | |
| **PLASTIC WIRE SPOOL** | **10 KG** | | | | | | |
| **HDPE PIPE** | **25.10 TON** | परीक्षण | | | | | |
| **PVC PIPE** | **2.0 TON** | | | | | | |
| **METER BOX (PC)** | **70 NOS.** | | | | | | |
| **METER BOX (SMC)** | **75 NOS.** | | | | | | |
| **LDPE FILM** | **200 KG** | | | | | | |
| **WOVEN SUCK BEG** | **3000 KG.** | | | | | | |
| **MIX PLASTICS WASTE** | **4100 KG.** | प्रकिया | | | | | |
| **LUMPS** | **3100 KG.** | | | | | | |
| **HYDRAULIC OIL WASTE** | **1250 LTR.** | | | | | | |
| **EMPTY OIL DRUMS** | **06** | | | | | | |
| **EMPTY WOVEN SUCK BAG** | **1050 NOS.** | | | | | | |
| **GATTA,RADDI** | **20 KG** | प्रशासनिक | | | | | |
| **OLD NEWS PAPERS** | **120 KG** | पुस्तकालय | | | | | |
| | | | | | | | |

## नियम एवं शर्ते :

1. निविदा सिपेट एस पी 1298, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, फेस – III, टोक रोड़ जयपुर – 302022 को संबोधित मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 01.07.2019 अपरांह 02.30 (दोपहर) बजे तक प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

   लिफाफे के उपर "प्लास्टिक स्क्रेप हेतु निविदा" स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त निविदाएं निरस्त कर दी जाएंगी। दिनांक 01.07.2019 को ही अपरांह 03.30 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधिओं के समक्ष समय सीमा के अंदर प्राप्त निविदाएं खोली जाएगी।

2. निविदाकर्ता के द्वारा अपनी निविदाएं दो भाग में अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा। प्रथम भाग में धरोहर राशि **रू. 50,000/–** केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के रूप में लिफाफे में रखेगें। इसके अतिरिक्त यदि निविदाओं में दर्शित किसी नियम अथवा शर्तो पर निविदाकर्तो परिवर्तन करना चाहते है तो वह परिवर्तन भी **भाग प्रथम** के लिफाफे में रख सकते है। परंतु **भाग प्रथम** में दर नहीं लिखना चाहिए। **भाग द्वितीय** में निविदा के साथ संलग्न दर प्रपत्र में बोली दर लिखकर प्रस्तुत करना होगा। **"भाग प्रथम"** एवं **"भाग द्वितीय"** अलग–अलग बंद लिफाफे में रखेंगें एवं दोनो लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से **"भाग प्रथम"** एवं **"भाग द्वितीय"** लिखे।

3. निविदा के प्रत्येक पेज में निविदाकर्ता का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। निविदा दस्तावेज हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में भरा जा सकता है परंतु दोनो स्थिति में अंक अंग्रेजी में ही होना अनिवार्य है एवं साफ अक्षरों में/अंकों में स्याही से लिखा होना चाहिए। लिखे हुये अंकों में किये हुये परिवर्तन स्वीकार्य योग्य नहीं होगा। परिवर्तन के अवस्था में लिखे हुये अंक निरस्त कर स्पष्ट रूप से अंक अलग लिखना आवश्यक है एवं हर निरस्तीकरण पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। निविदा दस्तावेजो में उसके कोई पृष्ट दस्तावेज सम्मेलित नहीं होना अथवा हस्ताक्षरित नही होने पर निविदा को निरस्त करने के लिए पर्याप्त कारण होगा।

4. जिन निविदाकर्ताओं की निविदाएं स्वीकार करते हुये सुरक्षा निधि जमा करने हेतु संस्थान द्वारा निर्देशित किया जायेगा, उस निविदाकर्ताओं द्वारा निर्धारित सुरक्षानिधि राशि रू. 50,000/–**अगले दिन (02.07.2019)** के भीतर (कार्यालयीन समय में) जमा करना होगा। सुरक्षा निधि तत्काल जमा नहीं करने की अवस्था में उनके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जप्त **(Forfeit)** करते हुये उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त कर दी जायेगी। जिन निविदाकर्ताओं की निविदा स्वीकृत नहीं हुई है, उनके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि पंद्रह कार्य दिवस के अंदर वे स्वंय कार्यालय से वापस प्राप्त कर सकते है। निविदाकर्ता द्वारा संस्थान के खाते में जमा धरोहर राशि एवं सुरक्षा निधि राशि को संस्थान से क्रय करने वाले प्लास्टिक्स स्क्रेप के अंतिम/बिल के अंतर्गत अंतिम भुगतान के रूप में समायोजित किये जाने का प्रावधान रहेगा।

5. जिन निविदाकर्ताओं द्वारा निविदा स्वीकार्य होने पर सुरक्षा निधि जमा किया है, उन्हे सुरक्षा निधि जमा करने के समय से **दो** कार्य दिवस के समयावधि में विक्रय हेतु प्रस्तावित अनुपयोगी वस्तुओं के पूर्ण मुल्य डीडी/नगद (रू. बीस हजार से अधिक कैश/रोकड जमा नहीं कर सकेंगें) जमा कर वस्तु संस्थान के प्रांगण से उठाना होगा। **दो** कार्य दिवस से अधिक समय लगने पर **दो** दिवस के बाद के प्रत्येक दिवस के लिए रू. 500/– (रू. पॉच सौ) हर्जाना **(Demurrage)** के रूप में वसूल किया जायेगा यदि हर्जाना **(Demurrage)** के साथ भी **तीन** कार्य दिवस के समयाविधि में कुल भुगतान कर माल नहीं उठाने की अवस्था में उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त कर जमा की गई धरोहर राशि रू. 50,000/– एवं सुरक्षा निधि राशि रू. 50,000/– जप्त **(Forfeit)** की जायेगी एवं माल अन्यत्र विक्रय करने के लिए सिपेट प्रबंधन स्वतंत्र रहेगा।

6. क्रेता को सम्पूर्ण प्लास्टिक एवं अन्य स्क्रैप संस्थान के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष सिपेट प्रबंधन के निर्देशानुसार एवं अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी गेट पास के आधार पर ही उठाना होगा एवं मुख्य द्वार पर सामान की जांच करने का अधिकार सुरक्षा कर्मियों को रहेगा। किसी भी प्रकार के संदेह उत्पन्न होने पर सामान को रोकने का एवं पूर्ण रूप से जांच करने का अथवा कराने का, सामान ले जाने से मना करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षा कर्मियों को रहेगा। किसी भी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने की अवस्था में सिपेट जयपुर के मुख्य प्रबंधक (परियोजना) का निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षों को स्वीकार्य होगा।

7. उपरोक्तनुसार विक्रय किये गये प्लास्टिक एवं अन्य स्क्रैप सिपेट प्रांगण से कार्य समय अवधि पर ही ले जा सकेगा। प्रत्येक प्लास्टिक स्क्रैप के लिए प्राप्त दर समानता के आधार पर विभिन्न – विभिन्न निविदाकर्ताओं को प्लास्टिक स्क्रैप बांट कर अथवा उनमें से एक को विक्रय करने हेतु सिपेट स्वतंत्र रहेगा एवं इस तरह के निर्णय पर हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार निविदाकर्ता को नहीं होगा।

8. यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी भी समान दर ऑफर की जाती है उस दशा में सामान
   i.) उस निविदाकर्ता को दिया जायेगा जिस के द्वारा दूसरे सामान का टेंडर स्वीकृत हुआ हो।
   ii.) यदि निविदाकर्ता का अन्य सामान का टेंडर स्वीकृत नहीं हुआ हो तो सिपेट संस्थान का निर्णय मान्य होगा।

9. क्रेता स्वंय वाहन एवं कार्यकर्ता की व्यवस्था कर क्रय की गई वस्तुएं उठायेंगें एवं उपरोक्तानुसार वस्तु उठाने से एक कार्य दिवस के पूर्व सूचना संस्थान को देना अनिवार्य है।

10. वस्तुओं की मात्रा निर्धारित करने के लिए सिपेट के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष धर्मकांटा में वजन कराया जायेगा एवं मात्रा के निर्धारन में कोई विवाद होने पर सिपेट संस्थान के निर्णयानुसार जो भी कार्यवाही की जायेगी वह क्रेता को स्वीकार्य होगा।

11. इस विक्रय प्रकिया को किसी भी अवस्था में अथवा समय पर बिना कोई कारण बताये पूरी प्रकिया अथवा सभी और कोई भी निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सिपेट प्रंबधन के पास सुरक्षित रहेगा।

12. विक्रय किए गए माल पर नियमानुसार कर अलग **(GST)** से चार्ज किया जाएगा।

*******

# निविदा की सामान्य शर्त :

## शब्दो की परिभाषा :

निविदा दस्तावेज में जगह जगह लिखे गये निम्न शब्दों का अर्थ निम्नानुसार होगा।

1- **"सिपेट"** का सेन्ट्रल इन्स्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इन्जीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी जयपुर केन्द्र है।

2- **"निविदाकर्ता"** का अर्थ उस व्यक्ति अथवा संस्था एवं कम्पनी से है, जिनके द्वारा अनुपयोगी प्लास्टिक स्क्रैप के विक्रय में भाग लेते हुये धरोहर राशि के साथ निविदा प्रस्तुत किया हो। निविदा के प्रावाधान के अनुसार जिस निविदाकर्ता की निविदा सिपेट द्वारा स्वीकार्य हुई हो एवं निर्वचन के अधीन रहेगें। निविदा प्रस्तुतकर्ता व्यक्ति के वैधानिक एवं उत्तराधिकारी भी निविदाकर्ता के उपरोक्त निर्वचन सम्मलित रहेगा।

3- **"निविदा"** का अर्थ निविदाकर्ता द्वारा सिपेट जयपुर की स्वीकृती हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव है जिसमें सिपेट द्वारा जारी निविदा दस्तावेज में दर्शित शर्तो के अनुसार उसी दस्तावेज में उसकी दर दर्शित हो।

4- **" निदेशक एंव प्रमुख "** का अर्थ सिपेट जयपुर के निदेशक एंव प्रमुख के पद पर कार्यरत अधिकारी स्वयं अथवा उनके उत्तराधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि है।

5- **"स्वीकृतकर्ता अधिकारी"** का अर्थ निदेशक एंव प्रमुख सिपेट जयपुर अथवा अधिकृत प्रतिनिधि है।

6- **"दिन"** का अर्थ मध्य रात्री से अगले मध्य रात्री तक के 24 घण्टे है।

7- **"कार्य दिवस"** : प्रातः 09 बजे से सांय 05:30 बजे तक के 08:30 घण्टे (सिपेट के लिये घोषित प्रत्येक कार्य दिवस में) है।

सिपेट के लिये प्रथक से घोषित अवकाश के दिनों को छोडकर प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार तक के पॉच दिवस हर सप्ताह में सिपेट के लिए कार्य दिवस होता है।

8- **"एक सप्ताह"** का अर्थ पूर्ण रूपेण सात दिवस है और इस गणना में उक्त सात दिवस में कितने घण्टे कार्य समय रहा है, उससे कोई तात्पर्य नहीं है।

*******

# सिपेट: सीएसटीएस - जयपुर

## प्लास्टिक्स स्क्रैप के विक्रय निविदा का ब्यौरा "भाग द्वितीय"

| विवरण | अनुमानित मात्रा | मूल्य प्रति किलोग्राम/संख्या | (रूपये) |
|---|---|---|---|
| MILD STEEL | 1500 KG | | |
| BRASS WIRE | 50 KG | | |
| PLASTIC WIRE SPOOL | 10 KG | | |
| HDPE PIPE | 25.10 TON | | |
| PVC PIPE | 2.0 TON | | |
| METER BOX (PC) | 70 NOS. | | |
| METER BOX (SMC) | 75 NOS. | | |
| LDPE FILM | 200 KG | | |
| WOVEN SUCK BEG | 3000 KG. | | |
| MIX PLASTICS WASTE | 4100 KG. | | |
| LUMPS | 3100 KG. | | |
| HYDRAULIC OIL WASTE | 1250 LTR. | | |
| EMPTY OIL DRUMS | 06 | | |
| EMPTY WOVEN SUCK BAG | 1050 NOS. | | |
| GATTA,RADDI | 20 KG | | |
| OLD NEWS PAPERS | 120 KG | | |

कुल ____________________

राशि शब्दों में ________________________________________________________________

यह दर 365 दिवस तक प्रभावशील रहेगा।

दिनांक: निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

मोहर
(रबर स्टेम्प)

नाम : ________________________________
पता : ________________________________
________________________________
________________________________
फोन नं. /मोबाईल नं. : _______________
________________________________________